संख्या-[illegible]/2001

प्रेषक,

अभिषेक चन्द्र गुप्त,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

सचिव,
केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद,
शिक्षा केन्द्र- 2 कम्युनिटी सेन्टर,
प्रीत विहार, नई दिल्ली।

शिक्षा (7) अनुभाग | लखनऊ: दिनांक 28 जून, 2001

विषय:- धर्म पब्लिक स्कूल 29 ए, 30 संस्थागत क्षेत्र ग्रेटर नोएडा गौतमबुद्धनगर को सी०बी०एस०ई० नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र दिये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि धर्म पब्लिक स्कूल 29 ए, 30 संस्थागत क्षेत्र ग्रेटर नोएडा गौतमबुद्धनगर को सी०बी०एस०ई० नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र दिये जाने में इस राज्य सरकार को निम्नलिखित प्रतिबंधों के अधीन आपत्ति नहीं है :-

1- विद्यालय की भूमि/भवन सम्पत्ति का समय-समय पर निरीक्षण कराया जायेगा।

2- विद्यालय की प्रबंध समिति में शिक्षा विभाग द्वारा नामित एक सदस्य होगा।

3- विद्यालय में कम से कम 10 प्रतिशत स्थान अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्रों के लिए सुरक्षित रहेंगे और उनसे उ०प्र०माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विद्यालयों में विभिन्न कक्षाओं के लिए निर्धारित शुल्क से अधिक शुल्क नहीं लिया जायेगा।

4- संस्था द्वारा राज्य सरकार से किसी अनुदान की मांग नहीं की जायेगी और यदि पूर्व से विद्यालय माध्यमिक शिक्षा परिषद अथवा बेसिक शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त है तथा विद्यालय को सम्बद्धता केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद नई दिल्ली से प्राप्त होती है तो उस वर्ष से उक्त केन्द्रीय परिषद की सम्बद्धता प्राप्त होने की तिथि से उ०प्र०माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा प्रदत्त मान्यता तथा राज्य सरकार से प्राप्त अनुदान स्वतः समाप्त हो जायेगी।

5- संस्था शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को राजकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों के कर्मचारियों को अनुमन्य वेतनमानों तथा अन्य भत्तों से कम वेतनमान तथा अन्य भत्ते नहीं दिये जायेंगे।

6- कर्मचारियों की सेवा की शर्तें बनाई जायेंगी और उन्हें सहायता प्राप्त अशासकीय उ०मा०विद्यालयों के कर्मचारियों के अनुरूप सेवानिवृत्ति की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी।

-2-

Manish
MANISH KUMAR SHARMA
PRINCIPAL
DHARAM PUBLIC SCHOOL
K.P.1, GREATER NOIDA

DHARAMVEER CHAUDHARY
CHAIRMAN
DHARAM PUBLIC SCHOOL
GREATER NOIDA

2021/04/16 14:52